04.11.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10 pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- **प्रदेश के नगरीय निकायों के पेंशनरों की मंहगाई राहत दर में हुई बढ़ोत्तरी।**
- **हाथियों के मुद्दे पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकारें मिलकर निकालेंगी समाधान ।**
- **प्रदेश भर में शुरू हुआ विधिक सेवा सप्ताह, आम लोगों को जागरूक करने के लिए हो रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम ।**
- **हिल स्टेशन पचमढ़ी में बढ़ी पर्यटकों की संख्या,10 नवंबर तक पीक सीजन निर्धारित ।**

**पेंशनर मंहगाई राहत दर**

**प्रदेश के नगरीय निकायों के पेंशनरों की मंहगाई राहत दर में बढ़ोत्तरी की गई है। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त भरत यादव ने आदेश जारी किए है।**

**प्रदेश में अब नगरीय निकायों के पेंशनरों को मंहगाई राहत की दर में राज्य शासन के पेंशनरों के समान लाभ मिलेगा। छठवें वेतनमान में पेंशन पर 239 प्रतिशत तथा सातवें वेतनमान में पेंशन पर 50 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत स्वीकृत की गई है। यह आदेश मूल पेंशन व परिवार पेंशन दोनों पर लागू होगा। पेंशनरों को महंगाई राहत दर में वृद्धि इसी साल एक अक्टूबर से स्वीकृत की गई है।**

**रेल प्रबंध**

**छठ सहित त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए, रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने और यात्रियों की सुविधा के लिए बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन को भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट दिया गया है । वहीँ, यात्रियों की सुविधा के लिए गुजरात के उधना स्टेशन पर व्यापक इंतजाम किए गए। स्टेशन के सभी प्रमुख प्रवेश और निकास बिंदुओं पर 20 से 40 तक टिकट चेकिंग स्टाफ चौबीसों घंटे तैनात रहे, जबकि विशेष त्योहार अवधि में टिकट खरीद में भीड़ को सुचारू रूप से नियंत्रित करने के लिए 5 अतिरिक्त टिकट काउंटर संचालित किए गए। स्टेशन पर चौबीसों घंटे सीसीटीवी निगरानी सक्रिय रखी गई।**

**हाथी छत्तीसगढ़**

**उमरिया जिले में स्थित प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में गत दिनों हुई 10 हाथियों की मौत के बाद विंध्य क्षेत्र में चुनौती बन रहे हाथियों के मुद्दे पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकारें मिलकर समाधान निकालेंगी। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर आज रायपुर में हो रहे राज्योत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हाथियों के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा छत्तीसगढ़ से जब ये हाथी हमारे यहां आते हैं, तो दोनों सरकारें मिलकर फॉरेस्ट का ऐसा तालमेल बनाएं कि ऐसे बड़े जानवरों के बड़े दल आने के कारण से आकस्मिक रूप से जो दूसरी स्थिति बनती है। उससे बचने के लिए हम एक-दूसरे के संपर्क में रहें।**

**डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र**

**केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कराने और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 आयोजित किया जा रहा है। फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक एक**

**ऐसी तकनीक है जिसके द्वारा पेंशनभोगी किसी भी एंड्रॉइड स्मार्टफोन से अपना डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं। राजधानी भोपाल में ये शिविर बुधवार को भोपाल शहर के कई स्थानों पर लगाए जा रहे हैं । पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की अवर सचिव, श्रीमति सोनिका खट्टर, इन शिविरों में जाकर, जीवन प्रमाणपत्र जमा करने हेतु विभिन्न डिजिटल तरीकों जैसे फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के बारे में पेंशनभोगियों का मार्गदर्शन करेंगीं।|**

**<u>विधिक सेवा सप्ताह</u>**

**प्रदेश भर में आज से न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के तहत कार्यक्रम** आयोजित **किये जा रहे हैं। गुना में आज न्यायालय परिसर में वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली को हरी झंडी दिखाते हुये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने कहा कि विधिक सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से विधिक सेवा की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाना है। जिला जेल गुना एवं सब जेल चांचौड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**
**आगरमालवा मे न्यायोत्सव का शुभारंभ मौक़े पर बाईक रैली द्वारा शहर के मुख्य मार्गों से होकर आमजन के बीच जाकर विधिक जागरूकता का संदेश दिया गया। मंदसौर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकार से अवगत कराया गया तथा महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी भी प्रदान की गई। पन्ना में बाइक रैली का आयोजन किया गया. अशोकनगर में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है ।**

**<u>पचमढ़ी पर्यटन</u>**

**नर्मदापुरम जिले की हिल स्टेशन पचमढ़ी में प्रशासन द्वारा 10 नवंबर तक पीक सीजन निर्धारित किया गया है। वैसे,पहले की अपेक्षा पचमढ़ी में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। शनिवार -रविवार से ही पचमढ़ी में 3 से 4 हजार पर्यटक मौजूद है।**
**पीक सीजन को देखते हुए प्रशासन ने प्रति व्यक्ति जिप्सियों का किराया 2 हजार से बढ़ाकर 3 हजार रुपए निर्धारित कर दिया है। वहीं पर्यटकों को जंगल के अंदर के स्थानों के भ्रमण का 1 हजार 210 रुपए शुल्क वन विभाग को अलग से देना पड़ेगा।**

**<u>टीकमगढ़ स्टेडियम</u>**

**टीकमगढ शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड पर खिलाडियों को आज तीन खेल ग्राउंड की सौगात मिली। इनमे टेनिस, बॉलीवॉल और बास्केटवॉल कोर्ट खेल ग्राउंड शामिल हैं। राष्ट्रीय पिछडा वर्ग वित्त विकास निगम की ओर से 54 लाख रूपये की लागत से तैयार किए इन खेल तीन ग्राउंड का आज केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने लोकार्पण किया। अब तीन नए खेल मैदान बन जाने से खिलाडियों को काफी सुविधा हो जाएगी।**

**केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि ओपन ग्राउंड के साथ इनडोर स्टेडियम बनाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे है जल्द ही शासन स्तर से राशि स्वीकृत होने के बाद इनडोर स्टेडियम का काम शुरू कराया जाएगा।**

**<u>इंदौर मंडी</u>**

**इंदौर की छावनी अनाज मंडी, लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी और सियागंज में आज मुहूर्त के सौदे हुए। कृषि उपज संघ के अध्यक्ष मनोज काला ने बताया कि मुहूर्त के सौदों में किसानों से फसलें खरीदी गईं। किसानों का सम्मान भी किया गया । दिवाली के मौके पर व्यापारी अपना कारोबार बंद रखते हैं और भाई-दूज या इसके बाद मुहूर्त के सौदे करते हैं। सबसे पहले जिस किसान की उपज खरीदी जाती है, उसकी व्यापारी ज्यादा बोली लगाते हैं। इससे किसान को अच्छे दाम मिलते हैं।**

## साईकिल रैली

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय एव ग्रीन प्लैनेट बाइसाइकिल राइडर्स एसोसिएशन द्वारा आज 'राइड इट आउट 50 कि.मी.' नामक साइकिल रैली का आयोजन किया गया । संग्रहालय के निदेशक, प्रोफेसर अमिताभ पांडे, ने झंडी दिखाकर इस रैली की शुरुआत की । रैली का उद्देश्य शहर को हरित और स्वच्छ बनाना था, जिसमें प्रतिभागियों ने भोपाल स्थित धरोहरों को संजोए हुए मध्य प्रदेश के मानचित्र जैसे मार्ग पर साइकिल चलाई। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए

## समाचार संक्षेप में...

- बीएचईएल, भोपाल के कार्यपालक निदेशक एस एम रामनाथन ने आज कर्मचारियों के लिए स्टाफ केन्टीन में लंच की सुविधा को फिर से प्रारंभ किया ।
- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मप्र प्रभारी जितेन्द्र सिंह, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता कल संयुक्त रूप से बधुनी प्रवास पर रहेंगे।
- झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना ने राज्य स्तर से विभिन्न बोलियों के अनुवाद के लिए बनाए जाने वाले एआई ट्रांसलेशन टूल के लिए भीली बोली का डेटा बेस जल्द से जल्द तैयार करने हेतु सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया।
- खण्डवा में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत् मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों के लिए आज से 11 नवंबर तक अभियान आयोजित किया गया है ।
- धार जिला पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना मनावर में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्रियो पर कारर्वाई करते हुए 7 आऱोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध हथियार जप्त किये गए ।